साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया
YP24 NEWS
जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है संपर्क करें...
संपर्क करे- 9425156055
वर्ष-09 अंक-99 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 26 दिसम्बर 2025 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ-08 मूल्य 2 रूपये

## Legal Advice

## संतानहीन विधवा महिला, पति के हिस्से में मिली संपत्ति किसे दे सकती है



यदि किसी संतानहीन महिला के पति की मृत्यु हो जाए तब हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम,1956 की धारा 8 में बताया गया है कि प्रथम सूची के अनुसार मृत व्यक्ति की संपत्ति की हकदार उसके पुत्र एवं पुत्रियां होते हैं। अगर वह संतानहीन था तो उसकी संपत्ति की हकदार उसकी विधवा पत्नी होती है। सवाल यह है कि क्या विधवा पत्नी पति से प्राप्त हुई संपत्ति उसके भाई के लड़के को दे सकती है? जानते हैं सुप्रीम कोर्ट का महत्वपूर्ण निर्णय।

खुशी राम और अन्य बनाम नवल सिंह और अन्य (निर्णय वर्ष 2020)

उक्त मामले में में उच्चतम न्यायालय द्वारा अभिनिर्धारित किया गया कि कोई भी हिन्दू विधवा महिला अपने पति के हिस्से की संपत्ति जो उसे उत्तराधिकार के अंतर्गत प्राप्त हुई है, वह अपने भाई के पुत्रों को दे सकती है क्योंकि ऐसे व्यक्ति हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम,1956 की धारा 15(1) (घ) के अंतर्गत विधवा महिला के विधिक उत्तराधिकारी हो सकते हैं एवं यह अपरिचित नहीं माने जा सकती है।

**मामले का सार:**

उक्त मामले में आपत्तिकर्ता ने आपत्ति लगाई थी की विधवा महिला की संपत्ति पति के वारिस को प्राप्त हो क्योंकि उक्त अधिनियम की धारा 15 के अनुसार हिन्दू महिला की संपत्ति उत्तराधिकार के नियम के अनुसार

(क). उसके पुत्र/पुत्रियों एवं पति को।

(ख). पति के वारिसों को

(ग). माता पिता को।

(घ). पिता के वारिसों को।

(ङ). माता के वारिसों को।

क्रम के अनुसार विधवा संन्तान हीन महिला की संपत्ति पर पति के वारिसों का अधिकार होगा न की महिला के भाई के पुत्रों का लेकिन उच्चतम न्यायालय द्वारा मार्गदर्शन निर्णय 1. काले एवं अन्य बनाम उपनिदेशक चकबन्दी (निर्णय वर्ष 1976).

2. रामचरन दास बनाम गिरजानंदिनी देवी और अन्य (निर्णय वर्ष 1965)।

में न्यायालय द्वारा स्पष्ट किया गया था कि महिला उत्तराधिकारी संबंधित संपत्ति के अधिकार में अपीलों में मेरिट नहीं देखी जाती है अर्थात महिला स्वयं की इच्छा से अपने किसी भी विधिक उत्तराधिकारी को अपने पति की संपत्ति दे सकती है ।

**एडवोकेट बीआर अहिरवार नर्मदापुरम 9827737665**

# प्रधानमंत्री के 'साइबर सुरक्षित भारत' विज़न को साकार करती ई-जीरो एफआईआर व्यवस्था

**● केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के दिशा-निर्देशों से प्रदेश में लागू हुई ई-जीरो एफआईआर प्रणाली ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में न्याय को मिली नई रफ्तार: डिजिटल युग में ई-जीरो एफआईआर**

**भोपाल।**

ई-जीरो एफआईआर व्यवस्थाप्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'साइबर सुरक्षित भारत'के दृष्टिकोण और अक्टूबर 2024 में उनके 'मन की बात' संबोधन के अनुरूप है।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में देश में साइबर अपराध से निपटने हेतु ऐतिहासिक और तकनीक-आधारित कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस को 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाए जाने की परंपरा के अनुरूप, मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रशासनिक सुशासन को सुदृढ़ करने हेतु एक नवीन अभिनव पहल के रूप में ई-जीरो एफआईआर (द्न-'द्नह्य स्न्ढ्ढक्र) व?यवस?था काशुभारंभ किया गया। जिसकाउद्घाटन ग्वालियर में आयोजित अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट के दौरान माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा किया गया। इस अवसर पर ई-जीरो एफआईआर की पहली प्रति माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सौंपी गई। इसके साथ ही मध्यप्रदेश, दिल्ली के बाद देश का दूसरा राज्य बन गया है, जहाँ ई-जीरो एफआईआर प्रणाली को लागू किया गया है। यह पहल पुलिस को अपराधियों से एक कदम आगे रखने की दिशा में मील का पत्थर



साबित होगी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया (संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास), उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, अध्यक्ष मध्यप्रदेश विधानसभा श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, मंत्री जल संसाधन एवं प्रभारी मंत्री ग्वालियर श्री तुलसीराम सिलावट तथा मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग श्री चेतन्य काश्यप की विशिष्ट उपस्थिति रही।

मध्यप्रदेश में बढ़ते साइबर अपराधों की चुनौतियों को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तकनीक का दुरुपयोग कर जनता की गाढ़ी कमाई लूटने वाले अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मानना है कि जैसे हमने स्वच्छता को अपनी संस्कृति बनाया है, वैसे ही हमें साइबर स्वच्छता को भी अपनी संस्कृति बनाना होगा।

प्रदेश में ई-जीरो एफआईआर व्यवस्था का संचालन पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री ए. साई मनोहर के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य पुलिस को अपराधियों से अधिक तेज, तकनीक-सक्षम और नागरिक-केंद्रित बनाना है।

साइबर वित्तीय धोखाधड़ी पुलिस के समक्ष एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। अक्सर पीड़ित की जीवनभर की कमाई कुछ ही पलों में अपराधियों के हाथों चली जाती है, जिससे वह स्वयं को असहाय महसूस करता है। इसी पीड़ा को समझते हुए, गृह मंत्रालय द्वारा ई-जीरो एफआईआर की अवधारणा को लागू किया गया है, ताकि तकनीक को अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी हथियार बनाया जा सके।

# जमानत क्या होती है? एवं आरोपी किस प्रकार की जमानत ले सकता है जानिए।



युवा प्रदेश समाचार पत्र
लेखक B. R. Ahirwar ( एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार) होशंगाबाद mob.9827737665

जब किसी व्यक्ति को पुलिस गिरफ्तार कर लेती है, तो उसे जेल में डाल दिया जाता है। लेकिन कई बार अदालत यह फैसला करती है कि उस व्यक्ति को जेल में रखने की जरूरत नहीं है, और उसे कुछ शर्तों के साथ रिहा किया जा सकता है। इस रिहाई को जमानत या बेल कहते हैं।

व्यक्ति जमानत कब कब ले सकता है जानिए

**1. रेगुलर बेल क्या है:**जब किसी व्यक्ति को पुलिस गिरफ्तार कर लेती है, तो वह जमानत के लिए कोर्ट में आवेदन करता है।

**उदाहरण:** मान लीजिए राहुल को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। वह कोर्ट में रेगुलर बेल के लिए अप्लाई करता है और जमानत पर रिहा हो जाता है।

**नोट:** यह प्रावधान भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ,2023 की धारा: 480 एवं 483 मे है।

**2.एंटीसिपेटरी बेल: क्या है:** जब किसी व्यक्ति को लगता है कि उसे गिरफ्तार किया जा सकता है, तो वह पहले से ही जमानत के लिए कोर्ट में अप्लाई कर देता है।

**उदाहरण:** सोनिया को पता चलता है कि पुलिस उसे धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार करने वाली है। वह anticipatory bail के लिए कोर्ट में आवेदन करती है और गिरफ्तारी से पहले ही जमानत मिल जाती है।

नोट= यह प्रावधान भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता,2023 की धारा 482 में है ।

**3. इंटरिम बेल क्या है:** यह एक अस्थायी जमानत होती है जो तब दी जाती है जब रेगुलर या anticipatory bail का फैसला लंबित हो।

**उदाहरण:** अजय को गिरफ्तार किया गया और उसने बेल के लिए अप्लाई किया। कोर्ट ने फैसला लंबित होने तक उसे interim bail दे दी, ताकि वह कुछ दिनों के लिए रिहा हो सके।

नोट= यह प्रावधान भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता,2023 की धारा 188 एवं 189 में है ।

**4. डिफॉल्ट बेल क्या है:** अगर पुलिस तय समय में चार्जशीट नहीं दाखिल करती, तो आरोपी को स्वत: जमानत मिल जाती है।

**उदाहरण:** प्रीति को गिरफ्तार किया गया, लेकिन पुलिस ने 90 दिनों में चार्जशीट नहीं दी। प्रीति ने default bail के लिए अप्लाई किया और उसे जमानत मिल गई।

नोट= यह प्रावधान भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता,2023 की धारा 187 की उपधारा 3 में है ।

# सत्य बोलना और धर्म पालन के मूल्य ही व्यक्ति की वास्तविक पूँजी: राज्यपाल श्री पटेल

## भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी भाषा के गौरव प्रतीक

**भोपाल।**

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि सत्य बोलने और धर्म का पालन करने वाले को जीवन में कोई दिक्कत नहीं होती है। उन्होंने कहा कि यह जीवन मूल्य ही व्यक्ति की वास्तविक पूँजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित स्व.श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर स्थापित विश्वविद्यालय के विद्यार्थी होने का सौभाग्य मिला है। भावी जीवन में माता-पिता, गुरुजन, समाज और राष्ट्र की सेवा का भाव कम नहीं होने दीजिएगा। उन्होंने विद्यार्थियों से अपेक्षा की है कि वे विश्वविद्यालय से प्राप्त संस्कारों और अनुभवों से वंचित वर्गों और पीड़ित मानवता की सेवा का कार्य निरन्तर करते रहेंगे। श्री पटेल गुरूवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेशन सेंटर में आयोजित अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय के छटवें दीक्षांत समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का



राष्ट्र प्रेम ओजस्वी व्यक्तित्व और हिन्दी प्रेम, हिन्दी भाषा का गौरव प्रतीक है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय वाजपेयी जी को निकट से देखने का मौका उन्हें कई बार मिला है। उन्होंने सुदर्शन जी को भी सुना है। आपात स्थिति की घोषणा के दिन गुजरात में आयोजित सभा का उल्लेख करते हुए बताया कि स्वर्गीय जय प्रकाश नारायण जी कहते थे कि अटल जी के मुख में सरस्वती का वास है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय वाजपेयी की अंतिम यात्रा में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का 5 किलोमीटर पैदल चलना अपने नेता के प्रति श्रद्धा अभिव्यक्ति का अभूतपूर्व और प्रेरणादायी उदाहरण है।

# भारत में उच्च शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण पर नीति आयोग ने रिपोर्ट जारी की

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**
**भोपाल मध्य प्रदेश**

नीति आयोग ने ÷भारत में उच्च शिक्षा का अंतर्राष्ट्रीयकरण¬ संभावनाएं, क्षमता और नीतिगत सिफारिशें नामक नीति रिपोर्ट जारी की है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप भारत को उच्च शिक्षा और अनुसंधान के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए एक व्यापक रोडमैप है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने नीति आयोग के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में रिपोर्ट जारी की। शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग के सचिव और एआईसीटीई के अध्यक्ष भी उपस्थित थे। नीति आयोग और आईआईटी मद्रास के नेतृत्व में ज्ञान साझेदारों के एक संघ के संयुक्त प्रयास से विकसित यह रिपोर्ट, वैश्विक दक्षिण की ओर से एक अग्रणी योगदान है। यह रिपोर्ट देश में अंतर्राष्ट्रीयकरण की अवधारणा को आगे बढ़ाती है और छात्र एवं संकाय गतिशीलता, अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग और अंतर्राष्ट्रीय शाखा परिसरों की स्थापना सहित अंतर्राष्ट्रीयकरण के वैश्विक, राष्ट्रीय और संस्थागत दृष्टिकोणों का विश्लेषण करती है। 24 राज्यों के 160 उच्च शिक्षा



संस्थानों से प्राप्त जानकारी, आईआईटी मद्रास में 140 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों के साथ आयोजित एक राष्ट्रीय कार्यशाला और 16 देशों के संस्थानों के साथ विशेषज्ञ साक्षात्कारों सहित व्यापक मात्रात्मक और गुणात्मक विश्लेषण के आधार पर, यह रिपोर्ट एक साक्ष्य-आधारित और कार्रवाई-उन्मुख ढांचा प्रस्तुत करती है। यह रिपोर्ट रणनीति, विनियमन, वित्त, ब्रांडिंग, आउटरीच, पाठ्यक्रम और संस्थागत संस्कृति जैसे प्रमुख विषयगत क्षेत्रों में 22 नीतिगत सिफारिशें, 76 कार्य योजनाएँ और 125 प्रदर्शन सफलता संकेतक प्रस्तुत करती है, जिनका उद्देश्य भारत की वैश्विक उच्च शिक्षा भागीदारी और सॉफ्ट पावर को मजबूत करना है।

## महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री की अध्यक्षता में अनुश्रवण समिति की प्रथम बैठक मंत्रालय में सम्पन्न



**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**
**भोपाल मध्य प्रदेश**

बैठक में महिलाओं के उत्थान और उनकी आजीविका को बेहतर बनाने के लिये 21 विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा कर आगामी कार्य-योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि बाल विवाह रोकने के सार्थक प्रयास में विद्यालयों और महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को भी इसकी समझाइश दी जाये उन्हें समाज की कुरीतियों को दूर करने और उनके रोकने के लिये जागरूक किया जाये। विमुक्त घुमंतू जातियों के उत्थान के लिये करें विशेष प्रयास उद्योग एवं आदिम जाति विभाग के संयुक्त प्रयास से वर्किंग वीमेन हॉस्टल की हर जिले में स्थापना की जाये ताकि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को और बेहतर किया जा सके। मंत्री सुश्री भूरिया ने बैठक में कहा कि महिलाओं और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संचालित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए तथा जमीनी स्तर पर नियमित अनुश्रवण किया जाए। बैठक में पोषण अभियान, आंगनवाड़ी सेवाएं, किशोरी बालिका योजना, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं तथा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों की वर्तमान स्थिति पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। मंत्री ने योजनाओं में आ रही चुनौतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता के साथ कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों से नवाचार आधारित प्रयासों को बढ़ावा देने और विभागीय समन्वय को मजबूत करने पर भी जोर दिया।

## सिंधी कॉलोनी में आयोजित हुआश्री श्याम मंगल मिलन भक्ति संकीर्तन कार्यक्रम





**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**
**भोपाल मध्य प्रदेश**

राजधानी भोपाल के श्री खाटू श्याम मंदिर, सिंधी कॉलोनी में रविवार, 21 दिसंबर 2025 को आयोजित श्री श्याम मंगल मिलन भक्ति संकीर्तन कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ महंत अनिलानंद जी महाराज जी के पावन सानिध्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्याम प्रेमियों ने सहभागिता की।कार्यक्रम के दौरान भजन गायकों सनी यादव (चांदपुर, बिजनौर), वैष्णवी राय (भोपाल) एवं आमोद आनंद जैन (आष्टा) ने अपने मधुर एवं भावपूर्ण भजनों से भक्तों को भावविभोर कर दिया। बाबा श्याम के जयकारों से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।

## ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 संचार उपग्रह को उसकी निर्धारित कक्षा में स्थापित किया

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**
**भोपाल मध्य प्रदेश**

ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 संचार उपग्रह को ले जाने वाले एलवीएम3-एम6 मिशन के सफल प्रक्षेपण पर इसरो टीम को बधाई.एलवीएम3 ने सबसे भारी पेलोड की सफलता के साथ विश्व स्तरीय विश्वसनीयता का प्रदर्शन किया इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए भारत में एलवीएम3-एम6 मिशन की एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इस मिशन में भारतीय प्रक्षेपण यान द्वारा अब तक के सबसे भारी उपग्रह को उसकी निर्धारित कक्षा में स्थापित किया गया है। यह मिशन अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक प्रक्षेपण बाजार में देश की स्थिति को और मजबूत करता है और भारी-भारित प्रक्षेपण क्षमता हासिल करने की उल्लेखनीय सफलता दर्शाता है।अंतरिक्ष विभाग के सचिव और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (आईएसआरओ) के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने घोषणा की कि एलवीएम3-एम6 प्रक्षेपण यान ने सफल प्रदर्शन करते हुए ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 संचार उपग्रह को उसकी निर्धारित निम्न पृथ्वी कक्षा में सटीक रूप से स्थापित कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह स्वदेशी प्रक्षेपण यान का उपयोग करके भारतीय धरती से प्रक्षेपित किया गया अब तक का सबसे भारी उपग्रह है और एलवीएम3 का तीसरा पूर्णतः वाणिज्यिक मिशन है। उन्होंने यह भी कहा कि यह मिशन प्रक्षेपण यान की उत्कृष्ट विश्वसनीयता और विश्वस्तरीय प्रदर्शन को दर्शाता है, इससे यह वैश्विक अंतरिक्ष क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ हो गया है। इस





मिशन में उपयोग किया गया उपग्रह, ब्लू बर्ड ब्लॉक-2, अगली पीढ़ी के उपग्रह समूह का हिस्सा है। इसे विशेष उपयोगकर्ता उपकरणों की आवश्यकता के बिना, सामान्य मोबाइल स्मार्टफोन को सीधे अंतरिक्ष-आधारित सेलुलर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह मिशन न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड और अमेरिका स्थित एएसटी स्पेसमोबाइल के बीच एक वाणिज्यिक समझौते के तहत शुरू किया गया है। यह उन्नत वैश्विक संचार मिशनों के लिए एक विश्वसनीय प्रक्षेपण सेवा प्रदाता के रूप में भारत की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। लॉन्च व्हीकल मार्क-3 की सफल उड़ान के साथ, भारत ने एक बार फिर जटिल भारी-भरकम मिशनों में अपनी तकनीकी परिपक्वता का प्रदर्शन किया है। इससे स्वदेशी प्रक्षेपण प्रणालियों में विश्वास मजबूत हुआ है और वैश्विक अंतरिक्ष क्षेत्र में देश की प्रतिष्ठा और बढ़ी है।

# उदयपुरा के भूपेंद्र रघुवंशी को मिला 'बेस्ट कॉमेडी कंटेंट ऑफ़ द ईयर 2025' का सम्मान




हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता

**उदयपुरा/रायसेन ।** 14 दिसंबर को भोपाल के सेज यूनिवर्सिटी में इनफ्लुएंसर अवार्ड का कार्यक्रम हुआ जिसमें पूरे मध्यप्रदेश से 600 से अधिक रील क्रिएटर आए जिसमें भूपेंद्र रघुवंशी को नॉमिनेट किया गया कॉमेडी के लिए उनकी कैटिगिरी को चुना गया इनकी कैटेगरी में 16 क्रिएटर शामिल थे जिसमें भूपेंद्र रघुवंशी को बेस्ट कॉमेडी क्रिएटर ऑफ़ द ईयर 2025 का अवार्ड मिला छोटे से कस्बे से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाना आसान नहीं होता, लेकिन उदयपुरा के भूपेंद्र रघुवंशी ने यह कर दिखाया है। डिजिटल कॉमेडी की दुनिया में अपनी अलग पहचान बना चुके भूपेंद्र रघुवंशी को वर्ष 2025 के प्रतिष्ठित ÷बेस्ट कॉमेडी कंटेंट ऑफ़ द ईयर÷ अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

भूपेंद्र रघुवंशी अपने वीडियो में आम जनजीवन, सामाजिक मुद्दों, युवाओं की सोच और रोज़मर्रा की समस्याओं को हास्य के माध्यम से इस तरह प्रस्तुत करते हैं कि दर्शक हंसते-हंसते सोचने पर मजबूर हो जाते हैं। जरूरी बात ये है कि ये सब वीडियो बुंदेली भाषा में बनाते है जो दर्शकों को ज्यादा लुभाते है उनकी कॉमेडी में फूहड़पन नहीं, बल्कि संदेश और मनोरंजन का संतुलन देखने को मिलता है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उनके लाखों फॉलोअर्स हैं और उनके वीडियो लगातार ट्रेंड कर रहे हैं। इस उपलब्धि से न सिर्फ भूपेंद्र का परिवार गौरवान्वित हुआ है, बल्कि पूरा उदयपुरा क्षेत्र खुशी और गर्व से भर उठा है। नगर के जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों, युवाओं और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे उदयपुरा के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है।

# उदयपुरा में जल संरक्षण का संदेशः नर्मदा की सहायक खाड़ नदी पर बना भव्य बोरी बंधान

**विकासखंड उदयपुरा जिला रायसेन जल संचयन अभियान, जन अभियान परिषद ने चलाया अभियान**





हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता

**उदयपुरा/ रायसेन।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद उदयपुरा द्वारा ग्राम भाड़ोंन मे नर्मदा जी की सहायक नदी खाड़ नदी पर विशाल बोरी बंधान बनाया गया इस बोरी बंधान से ग्रामीण जनों को जल संरक्षण का संदेश देना आसपास के खेतो मे किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिल सके एवं पशु पक्षियों को भी पानी पीने में, सहायता मिलेगी यह विशाल बोरी बंधान 500 बोरियों द्वारा बनाया गया इस बोरी बंधान में जिला समन्वयक श्री कल्याण सिंह जी राजपूत ब्लॉक समन्वयक राम मोहन रघुवंशी, नवंकुर संस्थाओं से लक्ष्मण सिंह राजपूत,, जगदीश नामदेव, मुकेश रघुवंशी, पवन लोधी,, सुनीता दुवे,, परामर्शदाता भरत छिपा,, राजेश लोधी,, निरंजन अहिरवार,, आदित्य मेहरा गीता व्यास उपस्थिति रही,, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भाड़ोंन के सदस्य उपस्थित रहेगा इस जल संरक्षण कार्यक्रम में जिला समन्वयक महोदय जी की उपस्थिति में सेक्टर बैठक का भी आयोजन किया गया।

## हिम्मत, डर और भरोसे की जंग: टंकी पर चढ़ी मां, तीन मासूमों की सांसें थामे रहा शहर

हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता

**उदयपुरा/ रायसेन।** जब भरोसे की डोर टूटती है, तब मां अपने बच्चों के लिए हर हद पार कर जाती है। ऐसा ही दृश्य बुधवार को उदयपुरा में देखने को मिला, जब एक महिला अपने पति के तीन दिन तक घर न लौटने से टूट चुकी थी। पति की बेरुखी और पारिवारिक तनाव ने उसे इस कदर मजबूर कर दिया कि वह अपनी तीन नन्ही बेटियों को लेकर लगभग 80 फीट ऊंची पानी की टंकी पर जा चढ़ी।





घटना की खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। लोग सांस रोके टंकी की ओर देखते रहे, हर पल किसी अनहोनी का डर सताता रहा। महिला का कहना था कि जब तक उसका पति मौके पर नहीं आएगा, वह नीचे नहीं उतरेगी। सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और नगर परिषद की टीम मौके पर पहुंची। घंटों तक चले समझाइश के प्रयासों के बाद पुलिस अधिकारियों ने महिला को भरोसा दिलाया कि उसकी शिकायत पर कार्रवाई होगी और बच्चों की सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता है।

लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद महिला ने हिम्मत दिखाई और तीनों बच्चियों के साथ सुरक्षित नीचे उतर आई। मौके पर मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली और पुलिस की सूझबूझ की सराहना की।

### इस घटना ने एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं

क्या पारिवारिक विवादों में महिलाओं की आवाज समय पर सुनी जा रही है? और क्या मजबूरी में उठाए गए ऐसे कदम समाज की आंखें खोलने के लिए काफी नहीं?




## एक दिवसीय विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया

पत्रकार बीआर अहिरवार
नर्मदापुरम।

शासकीय विधि महाविद्यालय, नर्मदापुरम के विधिक सहायता प्रकोष्ठ द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जुमेराती में एक दिवसीय विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना भारद्वाज एवं विभागाध्यक्ष श्री शिवाकांत मौर्य के मार्गदर्शन में विधि विद्यार्थियों द्वारा सम्पन्न हुआ। शिविर का उद्देश्य विद्यालय की छात्राओं को उनके विधिक अधिकारों, कर्तव्यों तथा सामाजिक विषयों के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती कीर्ति शिवपुरिया के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने कहा कि किशोरियों में प्रारंभिक अवस्था से ही विधिक जागरूकता का विकास उन्हें आत्मनिर्भर एवं सजग नागरिक बनाता है। कविता राजपूत ने किशोरावस्था में होने वाली शारीरिक व मानसिक समस्याओं पर प्रकाश डाला। रोशनी नरवरिया ने साइबर अपराध एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी। जुगल किशोर भारतीय ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराते हुए यातायात नियमों के महत्व को बताया। उत्तम गोलिया ने पर्यावरण संरक्षण एवं अरावली पर्वतमाला के संरक्षण पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन सचिन खरे ने किया तथा रूपरेखा प्रिया चौहान ने प्रस्तुत की। अंत में कविता राजपूत ने आभार व्यक्त किया।

## बरेली के करन परिहार को भोपाल में मिला इनफ्लुएंसर का सम्मान




हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता

बरेली /रायसेनञ्ज भोपाल में आयोजित भव्य इनफ्लुएंसर अवार्ड कार्यक्रम में बरेली के उभरते हुए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर करन परिहार को उनके उत्कृष्ट मनोरंजन और प्रभावशाली कंटेंट के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में देश भर से कई नामी इन्फ्लुएंसर, कलाकार और गणमान्य अतिथि शामिल हुए।

करन परिहार ने अपने यूनिक अंदाज़ और लगातार मेहनत से सोशल मीडिया पर अलग पहचान बनाई है। उनके वीडियो न सिर्फ मनोरंजन करते हैं, बल्कि समाज से जुड़े कई सकारात्मक संदेश भी देते हैं।

अवार्ड प्राप्त करने पर करन परिहार ने कहा कि यह सम्मान उनके परिवार, दोस्तों और सभी चाहने वालों के सहयोग से संभव हो पाया है। और उन्होंने 1817 को अपना लक्की नम्बर बताया जिससे वह हमेशा प्रेरित होते है। उन्होंने भविष्य में और बेहतर व सकारात्मक कटेंट देने की बात कही। भोपाल में मिला यह सम्मान बरेली के लिए भी गर्व का विषय है।

# एक्टिजन क्लब के अंतर्गत गतिविधियां का आयोजन किया गया

**शाहगंज।**

शासकीय हाई स्कूल खटपुरा में एक्टिजन क्लब 2025-26 गतिविधि कर्तव्यनिष्ठ नागरिक के अंतर्गत विषय संविधान के मौलिक कर्तव्य अनुच्छेद 51(क) पर गतिविधियां की गई द्व एवं बच्चों ने सरल भाषा में 11 मूल कर्तव्य के बारे में बताया वो इस प्रकार है

1. संविधान का पालन करना - देश के संविधान को मानना और उसका सम्मान करना।

2. स्वतंत्रता की रक्षा करना - भारत की स्वतंत्रता और एकता की रक्षा करना।

3. देशभक्ति और राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान - देश के ध्वज, राष्ट्रगान और प्रतीकों का सम्मान करना।

4. राष्ट्रीय एकता और भाईचारा - सभी धर्मों, जातियों और भाषाओं के लोगों के बीच एकता और भाईचारा बनाए रखना।





5. देश की विविधता का सम्मान - भारत की विविधता में एकता को समझना और उसका सम्मान करना।

6. पर्यावरण की रक्षा - जंगल, नदियाँ, जानवर और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना।

7. शिक्षा का महत्व - बच्चों को शिक्षा जरूर दिलवाना और समाज में शिक्षा का प्रसार करना।

8. सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा - सरकारी संपत्ति और सार्वजनिक चीजों की देखभाल करना।

9. विज्ञान और मानवता की भावना - वैज्ञानिक दृष्टिकोण, खोज और मानवता की भावना को बढ़ावा देना।

10. व्यक्तिगत और सामूहिक उत्कर्ष- अपनी और समाज की उन्नति के लिए प्रयास करना।

11. शिक्षा का अधिकार - 6 से 14 साल के बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा दिलवाना। ये कर्तव्य हमें देश के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने की याद दिलाते हैं। अंतर्गत गतिविधियां करवाई गई द्व और सक्रिय नागरिक के अंतर्गत उनके क्या कर्तव्य होते हैं बताए गए द्व इस अवसर पर शाला प्राचार्य श्री कप्तान सिंह चौहान जी एवं शाला के वरिष्ठ शिक्षक श्री घनश्याम प्रजापति जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ एवं गतिविधि में शामिल छात्र -छात्राओं में कुमारी आशा, रौनक, महक, पूर्णिमा, रोशनी, प्रियंका, मोनिका, देव, कृष्णा, विकास, अभी, सुनील, निमिषा, आशा , क्रांति,अंजली, शुभांगी, , नरगिस, नसरीन आदि छात्र शामिल हुए ।

# एक दिवस उन्मुखीकरण कार्यक्रम ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया

**बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।**

प्रधानमंत्री महाविद्यालय शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवस उन्मुखीकरण कार्यक्रम ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर कमल वाधवा मैं ने विद्यार्थियों को सामाजिक दायित्वों का निष्ठा पूर्वक निर्वाह करने तथा अनुशासन के साथ देश निर्माण में सहयोग करने की अपील की डॉक्टर आर एस बो हरे में ने नियमित गतिविधियों में किए जाने वाले विभिन्न कार्यों का उल्लेख किया तथा विशेष शिविर के महत्व से विद्यार्थियों को अवगत कराया डॉक्टर बी एल राय ने राष्ट्रीय सेवा योजना से जोड़कर समाज समुदाय राष्ट्र के प्रति युवाओं के दायित्वों को बतलाया किस प्रकार से समय का सदुपयोग तथा व्यक्तित्व निर्माण राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर विद्यार्थी कर सकते हैं बतलाया कार्यक्रम में डॉक्टर अमिता जोशी




डॉक्टर कल्पना विश्वास डॉक्टर राजीव शर्मा डॉक्टर कुमुदिनी भार्गव डॉ प्रियंका राय डॉक्टर सविता गुप्ता इत्यादि उपस्थित थे कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर इरा वर्मा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना की विशेषताओं से अवगत करा कर संपूर्ण व्यक्तित्व निर्माण करने की प्रेरणा दी कार्यक्रम में कुमकुम निशा राधिका प्रियंका प्रीति कविता अर्चना रोशनी तथा आशीष शशांक नीरज मनोज मनीष कमलेश सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे द्य

# अनूपपुर जिला अस्पताल में डॉक्टरों व स्टाफ की भारी कमी, अनूपपुर विधायक बिसाहूलाल सिंह ने उपमुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

जिला चिकित्सालय अनूपपुर एवं जिले के समस्त प्राथमिक, सामुदायिक व स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों, विशेषज्ञों एवं चिकित्सकीय कर्मचारियों के रिक्त पदों को शीघ्र भरने की मांग को लेकर अनूपपुर के वर्तमान विधायक एवं पूर्व मंत्री बिसाहूलाल सिंह ने उपमुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा विभाग के मंत्री राजेन्द्र शुक्ल को पत्र लिखा है

पत्र में विधायक बिसाहूलाल सिंह ने बताया कि जिला मुख्यालय अनूपपुर में संचालित जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों एवं चिकित्सकीय स्टाफ की भारी कमी के कारण मरीजों का समुचित उपचार नहीं हो पा रहा है। अनूपपुर जनजातीय बाहुल्य जिला है,



जहां बड़ी संख्या में गरीब, पिछड़े एवं आदिवासी वर्ग के लोग निवास करते हैं, जिन्हें इलाज के लिए गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है विधायक ने उल्लेख किया कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की अनुपस्थिति में गंभीर बीमारियों, दुर्घटनाग्रस्त एवं हेड इंजरी के मरीजों को जिले के बाहर रेफर करना पड़ता है। आवश्यक मशीनों, संसाधनों एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों के अभाव में मरीजों को जबलपुर, बिलासपुर अथवा रायपुर भेजा जाता है, जिससे कई मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं

पत्र में यह भी कहा गया है कि निजी अस्पतालों में भर्ती कराने पर गरीब मरीजों से इलाज व जांच के नाम पर भारी राशि वसूली जाती है, जो उनकी आर्थिक स्थिति को और कमजोर कर देती है। चिकित्सकीय सुविधा व स्टाफ की कमी के कारण कई मामलों में समय पर इलाज नहीं मिल पाने से मरीजों की जान तक चली जाती है

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा देश की एकता अखण्डता के लिए सबसे बड़ा खतरा है

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

शहडोल - आपको बता दे कि लाल बहादुर सिंह नेटी विंध्य प्रभारी भारत आदिवासी पार्टी मध्यप्रदेश संघ का दावा है कि वह देश सबसे बडा देश भक्त संगठन है परन्तु जब आप उसकी विचारधारा पर नजर डालते है तो साफ नजर आता है कि उसका यह दावा पूरी तरह खोखला है वास्तविकता यह है कि पर्दे के पीछे केन्द्र में भाजपा की सत्ता आने के बाद संघ अपनी विचारधारा इस देश पर थोपने के लिए बैचेन है जिससे देश के छिन भिन्न होने का खतरा है संघ की विचारधारा के अनुसार भारत में एकात्मक शासन प्रणाली लागू होना चाहिए संघ की मान्यता है कि भारत पूरी तरह से आर्यो की धरती है इस लिये हिन्दू संस्कृति या वैदिक संस्कृति के अलावा अन्य संसकृतियो के अस्तित्व को पूरी तरह नकारता है उसकी मान्यता है कि अल्पसंख्यक विशेषकर मुसलमान और ईसाई इस देश मे रह तो सकते परंतु दोयम नागरिक की हैसियत से इस तरह यह स्वयं सिद्ध है कि संघ की विचारधारा देश को तोड़ने वाली हैं जोड़ने वाली नहीं है इस गंभीर संभावित खतरे के बावजूद संघ के राजनीतिक दर्शन में एकात्मक राष्ट्र की स्थापना को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है संघ के दूसरे सरसंघचालक माधवसदाशिव गोलवलकर के विचारों का संकलन बंच आफ थाटस के नाम से प्रकाशित है इस ग्रन्थ गोलवलकर ने एकात्मक राष्ट्र की जोरदार सिफारिश की है वे देश के संघात्मक ढांचे के कट्टर विरोधी हैं उनका कहना है कि संघीय ढांचे को कब्र मे गाड देना चाहिए और एकात्मक शासन प्रणाली को तुरंत लागू करना चाहिए सबसे पहले गोलवलकर संविधान की प्रासंगिकता पर प्रश्न चिन्ह लगाते हैं संघ भारत के संघीय ढांचे के विरुद्ध क्यो है उसका अंदाजा गोलवलकर की पुस्तक बंच आफ थाट के एक अध्याय जिसका शीर्षक ही एकात्मकत शासन की अनिवार्यता है इस अध्याय में एकात्मकत शासन को तुरंत



लागू करने के उपाय सुझाते हुये गोलवलकर लिखते है इस लछय के दिशा में सबसे महत्वपूर्ण और प्रभावी कदम यह होगा कि हम अपने देश के विधान से साघिक ढांचे की संपूर्ण चर्चा को सदैव के लिए समाप्त कर दे अर्थात भारत के अन्तर्गत अनेक स्वायत्त अथवा अर्ध स्वायत्त राज्यो के अस्तित्व को मिटा दे तथा एक देश एक राज्य एक विधान मंडल एक कार्य पालिका घोषत करे उसमे खण्डातमक छेतृरीय साम्प्रदायिक भाषाई अन्य प्रकार के गर्व नहीं होना चाहिए एव इन भावनाओं को हमारे एकतव के सामंजस्य को उदधवंस करने का अवकास नहीं मिलना चाहिए संविधान का पुनः परीक्षण एवं पुनर्लेखन हो जिससे कि अंग्रेजों द्वारा किया गया तथा वर्तमान नेताओं द्वारा मूढतावश ग्रहण किया हुआ कुटिल विचार कि हम अनेक अलग अलग मानव वंशो अथवा राष्ट्रीयताओ के गुट जो संयोग वश भौगोलिक एकता एव एक समान सर्व प्रधान विदेश शासन के कारण साथ साथ रह रहे है इस एकात्मकत शासन की स्थापना द्वारा प्रभावी ढंग से अप्रमाणित हो जाय इसका मतलब है कि देश आजादी के बाद विविधता की सास्कृतिक धरोहर को यह कहकर सहेजा गया कि अनेकता मे एकता है जबकि गोलवलकर का मानना है कि यह देश हिन्दू राष्ट्र है इस लिये हिन्दू संस्कृति के पहचान के अलावा कोई और संस्कृतियो की पहचान नहीं होनी चाहिए अब सवाल यह उठता है कि वर्तमान मे केन्द्र मे भाजपा की सरकार है और कयी राज्यों मे भी भाजपा की सरकार है जिसके शासन प्रशासन की कार्य शैली से प्रतीत होता है कि भाजपा सरकार गोलवलकर के विचार धारा को पुर्ण रुप से और गुप्त रुप से आगे बढाने पुरजोर प्रयास कर रहे कयोंकि भाजपा संघ की विचारधारा की पैदाइश है मेरा संघ और भाजपा के विचार धारा के बारे लिखने और बताने का आशय यह है कि जो एस सी एस टी और ओ ओबी सी और अल्पसंख्यक वर्गो के लोग निजी स्वारथ के कारण संघ और भाजपा मे जुड़े है उन सभी को समाज हित को देखते हुये संघ और भाजपा से नाता तोड़ लेना चाहिए कयोंकि संघ और भाजपा कि विघटन कारी षडयंत्रकारी नीति और विचारधारा ही हमारे संविधान को खत्म करना चाहती है और हमारे संवैधानिक हक अधिकारों को ना ही लागू करना चाहती और ना ही देना चाहती है

# 108वें IEA अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में IGNT के अर्थशास्त्रियों को सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र पुरस्कार



**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर /अमरकंटक।**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (IGNTU), अमरकंटक के अर्थशास्त्र विभाग ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अकादमिक सशक्तता का उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए भारतीय आर्थिक संघ (IEA) के 108वें वार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र पुरस्कार-2025 प्राप्त किया है। यह तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 21 से 23 दिसंबर 2025 तक IILM University, ग्रेटर नोएडा में ÷विकसित भारत @2047 की ओर भारत का दृष्टिकोण÷ उभरती वैश्विक जटिलताओं और वास्तविकताओं के परिप्रेक्ष्य में÷ विषय पर आयोजित किया गया सम्मेलन में देश-विदेश से आए प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों एवं शोधकर्ताओं द्वारा 178 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए

उद्घाटन सत्र में उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि, शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने नवाचार आधारित कृषि सुधार, शिक्षा-प्रेरित विकास तथा शोध-केंद्रित नीति निर्माण को विकसित भारत ॿ2047 के लक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण बताया। सम्मेलन के दूसरे दिन राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र की गरिमामयी उपस्थिति रही

# एसटीएफ ने 1.80 का करोड़ 5.99 क्विंटल गांजा ट्रक सहित जप्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**कुमार कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**





ओड़ीसा से मध्यप्रदेश लाई जा रही थी गांजा की खेप ओडिशा से मध्य प्रदेश लाया जा रहा 599 किलोग्राम गांजा एसटीएफ ने जब्त किया है। इस कार्रवाई में ट्रक भी पकड़ा गया है। जब्त गांजे की कीमत करीब 1 करोड़ 80 लाख रुपए बताई जा रही है, जबकि ट्रक की कीमत लगभग 30 लाख रुपए आंकी गई है। तस्करों ने ट्रक में लोहे की चादरों से एक गुप्त कम्पार्टमेंट बनाया था, जो बाहर से दिखाई नहीं देता था। इसी गुप्त कम्पार्टमेंट में गांजे के पैकेट छिपाकर तस्करी की जा रही थी। एसटीएफ ने छत्तीसगढ़-मध्य प्रदेश सीमा के पास, जिला अनूपपुर के घने जंगल मार्ग पर ट्रक को पकड़ा। यह पूरी कार्रवाई भोपाल और जबलपुर एसटीएफ की संयुक्त टीम ने की।

एसटीएफ एसपी राजेश सिंह भदौरिया के अनुसार, कार्रवाई के दौरान ओडिशा के संभल से मध्य प्रदेश के मैहर जा रहा ट्रक क्रमांक JH02 BL 7103 को जिला अनूपपुर के थाना जेतहरी क्षेत्र अंतर्गत घने जंगल मार्ग से रोका गया। तलाशी के दौरान ट्रक से 599 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। ओडिशा से मध्य प्रदेश लाया जा रहा 599 किलोग्राम गांजा सहित STF ने ट्रक जब्त किया है। जब्त माल की कीमत 1 करोड़ 80 लाख रुपए बताया जा रहा है। जबकि ट्रक की कीमत 30 लाख रुपए है। तस्करों ने ट्रक में लोहे की चादर से गुप्त कम्पार्टमेंट बनाया गया था जो बाहर से दिखाई नहीं देता था।। इस कम्पार्टमेंट में गांजे के पैकेट्स छिपाकर तस्करी की जा रही थी। स्क्रन्न ने छत्तीसगढ़-मध्य प्रदेश सीमा के पास, जिला अनूपपुर के घने जंगल मार्ग पर यह ट्रक पकड़ा। पूरी कार्रवाई को भोपाल और जबलपुर एसटीएफ की टीम ने अंजाम दिया। एसटीएफ एसपी राजेश सिंह भदौरिया के मुताबिक कार्रवाई के दौरान संभल (ओडिशा) से मैहर (मध्य प्रदेश) जा रहा ट्रक संख्या JH02 BL 7103 को जिला अनूपपुर, थाना जेतहरी के घने जंगल मार्ग से पकड़ा गया। इसमें 599 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। इस मामले में अंकित विश्वकर्मा, निवासी जिला सीधी, धनंजय सिंह पटेल, निवासी जिला सतना को गिरफ्तार किया गया है।

# स्टॉपडेम बंधान कार्य में गंभीर भ्रष्टाचार का आरोप, 30 हजार का हुआ फर्जी भुगतान, जांच की उठी मांग

## स्टॉपडेम बंधान कार्य तीन स्थानों पर भुगतान चार स्थानों का

**कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर /कोतमा**

जिले के कोतमा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत गोहंड्रा में स्टॉपडेम बंधान कार्य को लेकर एक बार फिर गंभीर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत गोहंड्रा के सरपंच सूरज अगरिया एवं सचिव चितामणि केवट पर शासकीय राशि के दुरुपयोग और फर्जी भुगतान के आरोप लगाए गए हैं।

सोशल मीडिया में वायरस लगातार हो रहा है कि वर्ष 2024 में ग्राम पंचायत द्वारा चेक डेम में ईट, रेत और सीमेंट सामग्री से स्टॉपडेम बंधान का कार्य कराया गया था, जिसका विधिवत भुगतान भी किया गया। लेकिन वर्ष 2025 की बरसात के दौरान प्रभावित किसानों द्वारा पानी की निकासी के लिए नीचे की ओर एक-एक फीट जगह छोड़ते हुए केवल अस्थायी फोड़ किया गया, जबकि ऊपर का जोड़ाई कार्य पूर्व की तरह यथावत रहा।

इस वर्ष 2025 में नीचे के बंधान हेतु स्टॉपडेम के पास ईट बनाने वाले मजदूरों और स्थानीय किसानों द्वारा स्वयं बंधान कार्य किया गया। इस कार्य में ग्राम पंचायत की कोई प्रत्यक्ष भूमिका नहीं रही। इसके बावजूद आरोप है कि स्टॉपडेम बंधान कार्य तीन स्थानों पर होना दर्शाया गया, जबकि भुगतान चार स्थानों का किया गया, जो स्पष्ट रूप से भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2025 में ग्राम पंचायत द्वारा एक भी स्टॉपडेम बंधान कार्य नहीं कराया गया, बल्कि यह कार्य किसानों और ईट बनाने वाले मजदूरों के सहयोग से किया गया। यदि ग्राम पंचायत द्वारा कार्य कराया गया है, तो यह स्पष्ट किया जाए कि कितने मजदूरों द्वारा कार्य किया गया, कौन-कौन से मिस्त्री एवं मजदूर लगे थे तथा उनका नाम, ऑनलाइन भुगतान विवरण एवं भुगतान पत्रक सार्वजनिक किया जाए। सामग्री सप्लायर साकेत ट्रेडर्स के प्रोपराइटर द्वारिका प्रसाद ने बताया कि मेरे से सिर्फ बिल लिया गया है सामग्री नहीं ली गई है।



आरोप है कि सरपंच एवं सचिव द्वारा अपने व्यक्तिगत हित लाभ के लिए एक वेंडर के माध्यम से 30,680 रुपये का भुगतान किया गया, जो गंभीर वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार को दर्शाता है। ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामवासियों का कहना है कि यदि समय रहते इस प्रकरण की जांच नहीं हुई, तो वे उच्च अधिकारियों एवं संबंधित विभागों से शिकायत कर आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

### इनका कहना है

आरोप लगाते रहते हैं जनप्रतिनिधियों को सब सुनना पड़ता है।

**सूरज अगरिया, सरपंच ग्राम पंचायत गोहंड्रा**

# धान चोरी के विवाद में पिता ने की पुत्र की हत्या, गांव में दहशत का माहौल




**कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर।**

जिले के फुनगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत देवरी ग्राम के मोहरी देवान टोला में धान चोरी को लेकर हुए पारिवारिक विवाद ने दर्दनाक रूप ले लिया। विवाद के दौरान एक पिता ने कथित तौर पर कुल्हाड़ी से हमला कर अपने ही पुत्र की हत्या कर दी। घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान राजबहोर सिंह उम्र 39 वर्ष के रूप में हुई है। बताया गया कि राजबहोर सिंह द्वारा बार-बार धान चोरी किए जाने से पिता अमेरा सिंह नाराज थे। इसी बात को लेकर पिता-पुत्र के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हिंसक विवाद में बदल गई। आरोप है कि गुस्से में आकर अमेरा सिंह ने कुल्हाड़ी से अपने पुत्र पर हमला कर दिया, जिससे राजबहोर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही फुनगा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया तथा मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। सोने सिंह परस्ते चौकी प्रभारी ने बताया कि आरोपी फरार है शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस का कहना है कि मामले में साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एकलव्य विद्यालय में SDM का औचक निरीक्षण: बच्चों के साथ बैठकर किया भोजन, अव्यवस्थाओं पर लगाई फटकार

**कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ सीधी/ कुसमी**

सीधीः जिले के आदिवासी अंचल कुसमी में गुरुवार की शाम एकलव्य आवासीय विद्यालय टमसार में उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एसडीएम कुसमी विकास कुमार आनंद बिना पूर्व सूचना विद्यालय और छात्रावास के निरीक्षण के लिए अचानक पहुंच गए. लंबे समय से मिल रही शिकायतों के बीच हुए इस औचक निरीक्षण ने न सिर्फ व्यवस्थाओं की पोल खोली, बल्कि सुधार की दिशा में सख्त संदेश भी दे दिया.



एसडीएम ने सबसे पहले कक्षाओं का निरीक्षण किया और छात्रों से सीधे संवाद कर पढ़ाई की वास्तविक स्थिति जानी. उन्होंने बच्चों से सवाल पूछे, उनके उत्तर सुने और पढ़ाई में आ रही कठिनाइयों को समझा. छात्रों को प्रेरित करते हुए एसडीएम ने कहा कि एकलव्य विद्यालय आदिवासी क्षेत्र के बच्चों के भविष्य की नींव है और इसकी गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता.

निरीक्षण का सबसे अहम और चौंकाने वाला पल तब आया, जब एसडीएम सीधे छात्रावास की रसोई और भोजन कक्ष पहुंचे. यहां उन्होंने भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए छात्रों के साथ जमीन पर बैठकर वही भोजन किया, जो बच्चों को परोसा गया था. इस दौरान उन्होंने मेनू के अनुसार भोजन दिए जाने, पौष्टिक आहार और समय पर भोजन वितरण को लेकर सख्त निर्देश दिए. इसके बाद छात्रावास के कमरों, शौचालयों, पेयजल व्यवस्था और साफ-सफाई का बारीकी से जायजा लिया गया. जहां-जहां कमियां नजर आई, वहां संबंधित कर्मचारियों को फटकार लगाई गई और तुरंत सुधार के निर्देश दिए गए. एसडीएम ने स्पष्ट चेतावनी दी कि बच्चों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोबारा शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई होगी. गौरतलब है कि बीते कुछ समय से विद्यालय में बच्चों को मेनू के अनुसार भोजन न मिलने और साफ-सफाई में लापरवाही की शिकायतें लगातार सामने आ रही थीं. इन्हीं शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यह आकस्मिक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान बीआरसी कुसमी अंगिरा द्विवेदी, हॉस्टल अधीक्षक सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे. वहीं क्षेत्रीय लोगों और अभिभावकों ने एसडीएम की इस पहल की खुले दिल से सराहना की. लोगों का कहना है कि जब अधिकारी खुद बच्चों के साथ बैठकर भोजन करें और जमीनी हकीकत देखें, तभी व्यवस्थाएं सुधरती हैं.।

## भीम आर्मी भारत एकता मिशन, आजाद समाज पार्टी के तत्वाधान में भारत के महान क्रांतिकारी शहीद ए आजम सरदार उद्यम सिंह जी की जयंती समारोह का कार्यक्रम सफलता पूर्ण संपन्न हुआ

**कैलाश कुमार अहिरवार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

शहडोल/बरहा - कल दिनांक 25/12/2025 को भीम आर्मी भारत एकता मिशन, आजाद समाज पार्टी के तत्वाधान में भारत के महान क्रांतिकारी शहीद ए आजम सरदार उद्यम सिंह जी की जयंती समारोह का कार्यक्रम सफलता पूर्ण संपन्न हुआ





कार्यक्रम में 10 गांव के 10वीं एवं 12वीं के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन प्रमाण पत्र देकर मंच में सम्मानित किया गया

साथ ही 5 विद्यालयों की गायन (गीत),नृत्य की प्रतियोगिता हुई जिसमें कुल 15 प्रतियोगिता हुई जिए

प्रथम विजेता - शा. उच्च. मा.वि. ब्यौहारी कन्या शाला

द्वितीय विजेता -गणेश पब्लिक स्कूल

तृतीय विजेता- नमन बाल भारती स्कूल

साथ ही अम्बेडकर म्यूजिकल ग्रुप का काफी सराहनीय प्रदर्शन रहा

टीम -रामकिशन बौद्ध(गायक )प्रिया सिंह (गायिका), राजा भैया (आर्गन मास्टर), अरुण (पैड मास्टर)

संचालक शिवानी पटेल एवं सहायक संचालक सम्राट सनित

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय राजेश कुशवाहा (भीम आर्मी)

अध्यक्षता मा. सरपंच महोदया

विशिष्ट अतिथि - रामसजीवन कोल, शिवकुमार बैगा,राजकुमार साहू, लाल बहादुर सिंह नेटी,आर.पी. साकेत, आर.डी.पटेल, गोलू बौद्ध , भैयालाल साकेत,शारदा वाल्मीकि, पुष्पेंद्र पटेल, रामसिया साकेत,विकेश प्रजापति, अंकिता परस्ते, श्यामसुंदर अहिरवार, माउजर खान, राजेश पटेल, प्रतापभान जैसवाल, नरेंद्र प्रजापति, रामजने (भीमजाने) साहू, राजेश बौद्ध, एडवोकेट नारेंद्र रावत, दानबहादुर सिंह परस्ते , भोले प्रसाद कोल, मोहनदास पटेल, शांति देवी पटेल , राकुमार पटेल, संतोष कोल, शिवम् कोल, संदीप कोल, धर्मेंद्र कुशवाहा, कृष्ण कुमार पटेल, प्रकाश विश्वकर्मा, नंदकुमार बैगा, रवि चौधरी

**नवनियुक्तः** भैयालाल साकेत ब्लॉक आई टी सेल प्रभारी ब्यौहारी

रामचन्द्र बंसल नगर परिषद संयोजक बाणसागर

राजेंद्र केवट ब्लॉक सह संयोजक ब्यौहारी

भगवत दहिया मंडल सह संयोजक चचाई(सतखुरी)

संजय बंसल मंडल संयोजक तिखवा


**अतिथि :** नरेंद्र रावत,सम्राट शिवा, सम्राट दिलीप, सम्राट शिवम , बृजेश साकेत, गोविंद साकेत, सम्राट महेंद्र

**मुख्य आयोजक :** एड. सम्राट राजेंद्र,पुष्पेंद्र भारती, सम्राट चंद्रशेखर, बृजकिशोर पटेल, शिवम् साकेत, रितुराज पटेल,पवन कोल, रितिक साकेत, अमन कोल, मोहम्मद रियासत,अमित साकेत,गुलजार, अरुण अम्बेडकर, सूजल साकेत, सुनीता कोल, करन साकेत, कार्यक्रम के समापन में सभी कार्यकताओं बच्चों को मेडल देकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करके आभार प्रकट किया गया

## नगर परिषद अध्यक्ष गीता गुप्ता के पत्र का असर, अमलाई रेलवे स्टेशन पर शुरू हुआ दिव्यांग शौचालय निर्माण


**अनूपपुर /अमलाई**

नगर परिषद बरगवां (अमलाई) की अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता द्वारा अमलाई (AAL) रेलवे स्टेशन को स्वच्छ, सुंदर एवं सर्वसुविधायुक्त बनाने को लेकर उठाई गई आवाज अब रंग लाने लगी है। अध्यक्ष गीता गुप्ता ने 11 जून 2025 को डिवीजनल रेलवे मैनेजर, बिलासपुर (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे) को पत्र लिखकर स्टेशन की प्रमुख समस्याओं और आवश्यक सुविधाओं की ओर ध्यान आकर्षित किया था। अपने पत्र में उन्होंने उल्लेख किया कि अमलाई रेलवे स्टेशन बिलासपुर-कटनी रेलखंड के बीच न केवल सबसे बड़े प्लेटफार्मों में शामिल है, बल्कि यह रेलवे के लिए आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत भी है। इसके बावजूद स्टेशन पर यात्रियों को कई मूलभूत असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। पत्र में प्रमुख रूप से स्टेशन परिसर के आसपास सड़क निर्माण एवं मरम्मत, सभी प्लेटफार्मों पर फल-फूल एवं खान-पान की दुकानों (स्टॉल) की व्यवस्था तथा दिव्यांगजनों के लिए सभी प्लेटफार्मों पर रैम्प/ब्रिज निर्माण की मांग रखी गई थी। नगर परिषद अध्यक्ष की इस पहल के बाद डीआरएम बिलासपुर कार्यालय में अमलाई की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया, जिसका सकारात्मक परिणाम अब धरातल पर दिखने लगा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमलाई रेलवे स्टेशन




पर दिव्यांगजनों के लिए शौचालय का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। यह कदम विशेष रूप से दिव्यांग यात्रियों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। रेलवे सूत्रों से यह भी सूचना मिली है कि आगामी चरण में स्टेशन पर लिफ्ट की सुविधा तथा कोच पोजिशन डिस्प्ले सिस्टम का कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा, जिससे यात्रियों को ट्रेन की स्थिति जानने में आसानी होगी और स्टेशन की आधुनिक सुविधाओं में और इजाफा होगा। नगरवासियों एवं यात्रियों ने नगर परिषद अध्यक्ष गीता गुप्ता के प्रयासों की सराहना करते हुए उम्मीद जताई है कि आने वाले समय में अमलाई रेलवे स्टेशन वास्तव में स्वच्छ, सुंदर और सर्वसुविधायुक्त स्टेशन के रूप में विकसित होगा।

अंधभक्त हो बने देख लो,
तुंहर बेटी मन के बलि चघत हे।
जगतगुरु के अमृत काल हा,
लाखों नारी मन ला लीलत हे।।
तुम मूरख हो,आंखी मूंद के,
अंधभक्ति मा गजब लीन हो।
अउ नारी हो तहुं मन देख लो,
कतका तुमन दीन-हीन हो।।
लक्ष्मी नारायण कुम्भकार "सचेत" दुर्ग (छ0ग0)



# सहारा हॉस्पिटल के संचालक सुप्रसिद्ध डॉ ए एस भल्ला द्वारा भिंड में निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण परामर्श शिविर संपन्न अगला कैंप 28 दिसंबर 25 को भितरवार में


## मरीज के अटेंडर को और बाहर से आने वाले मरीजों को निशुल्क भोजन की भी व्यवस्था

**ग्वालियर।**

सहारा हॉस्पिटल महलगांव सोफिया कॉलेज केंपस सिटी सेंटर ग्वालियर के संचालक सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ ए एस भल्ला नाक कान गला विशेषज्ञ द्वारा हर समाज के मरीज के लिए 21 दिसंबर 2025 को भिंड में निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परामर्श कैंप का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 75 मरीजों की ओपीडी हुई कई मरीज ने अपना पंजीयन कराया तथा कई मरीजों को निःशुल्क सहारा हॉस्पिटल की गाड़ी में भिंड से से ग्वालियर सहारा हॉस्पिटल में लाया गया और भर्ती किया गया है जिनका आंखों का ऑपरेशन आज 22 दिसंबर 2025 को किया गया शिविर में विभिन्न प्रकार की बीमारियों से पीड़ित मरीज ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया और कैंप में उपस्थित डॉक्टरों ने मौके पर ही मेडिसिन लिखी जो अधिक गंभीर से उन्हें सहारा हॉस्पिटल आने की सलाह दी गई ज्ञात रहे कि सहारा हॉस्पिटल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल है जो अब महलगांव सोफिया कॉलेज सिटी सेंटर कैंपस ग्वालियर में स्थित है यह अस्पताल इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल नई दिल्ली से सीधा नेटवर्क



है तथा सहारा हॉस्पिटल ने कई कठिन गंभीर बीमारियों का इलाज करते हुए कई मरीजों की जान बचाई है चाहे वह एक्सीडेंट के केश हो अथवा गोली लगने के कैसे हो गंभीर से गंभीर मरीजों को डॉ ए एस भल्ला ने अपनी टीम के डॉक्टर के साथ जान बचाकर मौत की मुह से निकला है सहारा हॉस्पिटल में आयुष्मान योजना के अंतर्गत निशुल्क का इलाज किया जाता है रूस्ट की भी सुविधा है निशुल्क एंबुलेंस की भी व्यवस्था है यदि कोई एक्सीडेंट हो गया है अथवा कोई गंभीर बीमार है तो उसको सहारा हॉस्पिटल की



संभाग के सर्वोत्तम अस्पताल
सहारा हॉस्पिटल® ग्वालियर द्वारा
आयुष्मान योजना के अंतर्गत सभी इलाज की सुविधा उपलब्ध
निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर

प्रिय बन्धुवर,
आपको विदित ही होगा कि सम्भाग के सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा केन्द्र सहारा हॉस्पिटल द्वारा पिछले 20 वर्षों से लगातार निःशुल्क एवं विशाल नेत्र शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

- नेत्र सम्बन्धी सभी रोगों का परीक्षण किया जाता है और उचित इलाज के लिये परामर्श दिया जाता है। इन शिविरों में आये मरीजों के मोतियाबिंद का आपरेशन (लैंस प्रत्यारोपण सहित) मात्र 4000/- रुपयों में किया जाता है साथ ही निःशुल्क दवाइयाँ, चश्मा और जाँचे व रोगी के भोजन का प्रबंध भी किया जाता है। इन शिविरों के माध्यम से हजारों रोगी पुनः नेत्र ज्योति प्राप्त कर सामान्य जीवन जी रहे हैं।
- मोतियाबिंद के ऑपरेशन के अतिरिक्त भेंगापन (8000/-), नाखूना (5000/-), पलकबंदी (4000/-), गुहेरी (1500/-), कालापानी (5000/-) के ऑपरेशन प्रतिदिन रियायती दरो पर किये जाते है।
- शिविर में परीक्षण के पश्चात मात्र 500 रु. जमा कराके ऑपरेशन के लिए पंजीयन कराया जा सकता है। जो 500 रु. आप पंजीयन शुल्क जमा करायेंगे वह 4000 रु. में से कम कर दिये जायेंगे। ऑपरेशन सहारा हॉस्पिटल के आधुनिकतम सुविधा सम्पन्न ऑपरेशन थियेटर में किये जायेंगे।

नोट : आपको मालूम ही होगा कि मोतियाबिंद का ऑपरेशन समय पर न होने से मोतियाबिंद कालेपानी में परिवर्तित हो सकता है तथा रोगी की नेत्र ज्योति हमेशा के लिए जा सकती है।
विशेष : कैम्प के दिन ऑपरेशन वाले मरीजों को गाड़ी द्वारा ले जाने की व्यवस्था हॉस्पिटल द्वारा की जायेगी।

- नाक, कान, गला रोग - जैसे टॉसिल, कान से मवाद आना, कम सुनाई देना, कान के पर्दे सम्बन्धित रोग, नाक से खून आना, नाक में गठान, थॉयराइड, आवाज में बदलाव, गले में सूजन या गिल्टी आना, कान के पर्दे के ऑपरेशन, सुनने की मशीन, सिरदर्द, चक्कर आना, खाने व सांस की नली में बाह्य वस्तु फंस जाना आदि।
- सामान्य रोग - खाँसी, बुखार, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, टीबी, सांस फूलना, दिल की बीमारी आदि।
- पेट के रोग - ट्यूमर, लिवर की खराबी, पित्त थैली की पथरी, खराब पाचन।
- पेशाब व गुर्दा रोग - प्रोस्टेट, गुर्दों की पथरी, डॉयलिसिस।


उपरोक्त समस्त रोगों की जाँच योग्य चिकित्सकों द्वारा की जायेगी तथा उपचार के लिए निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा।
नोट :- कैम्प के दिन ही ऑपरेशन मरीजों एवं अटेण्डरों को ले जाने की व्यवस्था हॉस्पिटल द्वारा की जायेगी।
अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुँचकर रोगीजन लाभ उठा सकते हैं।

स्थान - श्रीमती पुष्पा सेंगर स्कूल (P.S. School) पुराना बस स्टैण्ड, वार्ड नं. 10, भितरवार
दिनांक - 28 दिसम्बर 2025, रविवार
समय - सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

शिविर व आप्रेशन संबंधी जानकारी हेतु इन नम्बरों पर सम्पर्क करें -
मोबाइल हेल्पलाईन : 9926800870, 9425360738, 9926800855

सहारा हॉस्पिटल®
इन्द्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल, नई दिल्ली का नेटवर्क हॉस्पिटल
सोफिया कॉलेज केम्पस, महलगांव, सिटी सेन्टर, ग्वालियर हेल्पलाईन नं. 9926800870
सौजन्य से : सहारा समिति एवं सहारा ट्रस्ट

एंबुलेंस अस्पताल तक निशुल्क लेकर आएगी हॉस्पिटल ग्वालियर का यह एक मात्र हॉस्पिटल है जो शुरू से एमएलसी की सुविधा प्राप्त है सहारा हॉस्पिटल की देखी देखा अन्य प्राइवेट हॉस्पिटलों भी सुविधा शुरू कर दी ज्ञात रहे की सहारा हॉस्पिटल



सहारा हॉस्पिटल
सोफिया कॉलेज केम्पस, महलगांव, सिटी सेन्टर, ग्वालियर
श्रेष्ठतम् चिकित्सकों द्वारा रियायती दरों पर ऑपरेशन

| | | |
|---|---|---|
| बच्चेदानी का ऑपरेशन | | ₹ 20,000/- |
| अपेंडिक्स | | ₹ 20,000/- |
| हार्निया | | ₹ 20,000/- |
| हायड्रोसिल | | ₹ 20,000/- |
| बवासीर/भगन्दर | | ₹ 20,000/- |
| पित्त थैली की पथरी (दूरबीन द्वारा) | | ₹ 20,000/- |
| प्रोस्टेट (दूरबीन द्वारा) | | ₹ 20,000/- |
| गुर्दे की पथरी (दूरबीन द्वारा 2 से.मी. तक) | | ₹ 20,000/- |
| पैर की हड्डी का फ्रेक्चर (एक) | | ₹ 20,000/- |
| जबड़े का फ्रेक्चर (एक) | | ₹ 20,000/- |
| कान के पर्दे का ऑपरेशन | | ₹ 20,000/- |
| मोतिया बिन्द/लैंस प्रत्यारोपण | साधारण | ₹ 4,500/- |
| | फेको | ₹ 8,500/- |
| | फोल्डेबल | ₹ 12,000/- |

नोट : दवा/इम्पलांट का खर्च अतिरिक्त
MLC सुविधा उपलब्ध
24 घण्टे इमरजेंसी सेवाएँ उपलब्ध
* सम्पर्क *
हॉस्पिटल प्रशासक : 9425360738
HELPLINE : 99268 00870

पूर्व में बसंत विहार में संचालित था जो आप महलगांव सोफिया कॉलेज केंपस सिटी सेंटर ग्वालियर में गंभीर से गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीज का इलाज करके उनको नई जिंदगी दी जा रही है आज भिंड का कैंप डॉ ए एस भल्ला नाक कान गला रोग विशेषज्ञ की देखरेख में सहारा ट्रस्ट एवं सहारा समिति द्वारा आयोजित किया गया था आज शिविर की ओपीडी में एक सैकड़ा से अधिक मरीजों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा कई लोगों ने अपना सहारा हॉस्पिटल के लिए पंजीयन कराया तथा कई मरीजों को कैंप से ग्वालियर लाकर सहारा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है इस फ़इल की इंदरगढ़ की जनता और आसपास की जनता ने डॉक्टर भल्ला एवं सहारा हॉस्पिटल की भूरी भूरी प्रशंसा की है इतना ही नहीं सर हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए एवं अटेंडर के लिए डॉक्टर भल्ला की ओर से दोनों समय निशुल्क भोजन की व्यवस्था भी की गई है व्यवस्था है सहारा हॉस्पिटल की कैंप में गई टीम और डॉक्टरों के सराहनीय कार्य के लिए भिंड की जनता एवं आसपास की जनता ने कैंप में आकर लाभ उठाया सभी ने प्रशंसा की है अगला कैंप 28 दिसंबर 2025 को भितरवार में श्रीमती पुष्पा सेंगर उत्तर माध्यमिक विद्यालय पुराना बस स्टैंड के पास भितरवार में लगाया जा रहा है निःशुल्क शिविर में मरीज पहुंचकर शिविर का लाभ उठाएं अपना स्वास्थ्य परीक्षण

# पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग जिला ग्वालियर की अतिरिक्त संचालक कीर्ति दीक्षित द्वारा मनमानी

**ग्वालियर।**

आदिम जाति कल्याण विभाग छात्रावास आश्रम शिक्षक अधीक्षक संघ (कसस) के संस्थापक प्रांत अध्यक्ष डॉ जवर सिंह अग्र ने बताया कि जिला ग्वालियर में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के छात्रावासों में कर्मचारियों का शोषण अंश कालीन कर्मचारियों को केवल दो ढाई हजार रुपए पर मंथ दिए जा रहे हैं जबकि यह श्रम विभाग के नियम के अनुसार नहीं है वैसे तो दैनिक मजदूरी जो निश्चित है उससे कम नहीं दिया जा सकता 50 सीटर में तीन कर्मचारी शासन से स्वीकृत होते हैं लेकिन पिछड़ा वर्ग की अतिरिक्त संचालक कीर्ति दीक्षित द्वारा पिछड़े वर्ग के छात्रावास एवं उनमें प्रवेश छात्रों तथा कर्मचारियों का शोषण करने के अलावा कोई काम नहीं है इतना ही नहीं पिछड़े वर्ग के कन्या छात्रावास शारदा विहार सिटी सेंटर ग्वालियर में अपना कार्यालय संचालित किए हुए हैं जबकि कार्यालय में आम पब्लिक का आना जाना रहता है शासन की स्पष्ट नियम है की कन्या छात्रावास परिसर में पुरुष वर्ग प्रतिबंधित है लेकिन मैडम दीक्षित को इसकी कोई चिंता नहीं है आदिम जाति कल्याण विभाग छात्रावास आश्रम शिक्षक अधीक्षक संघ (कसस) के संस्थापक प्रांत अध्यक्ष डॉ जवर सिंह अग्र शासन प्रशासन से मांग की है की छात्रावासों में 11 माह से जो स्टाइपेंड नहीं दी गई है छात्रावासों में स्टाइल फंड की राशि नहीं दी गई है उसे तत्काल दिया जाए और कर्मचारियों को शासन की नीति निर्देश के अनुसार जो अंशकालीन या मजदूर है उनको मजदूरी दर से कम भुगतान नहीं किया जाए और स्ट्राइक फंड जिससे मेस व्यवस्था चलती है वह लगभग 10 - 11 माह से नहीं दी



गई है छात्रावास को कैसे चल रहे हैं यह तो अतिरिक्त संचालक कीर्ति दीक्षित ही बता सकती है वैसे एक तरफ यह देखा जा सकता है की 11 महीना कौन उदारी में सामान दे रहा होगा प्रतीत होता है कि यह पिछड़े वर्ग के छात्रावासों को बंद करना चाहती हैं मजदूरों को कलेक्टर दर से मजदूरी का भुगतान होना चाहिए लेकिन दीक्षित मैडम ऐसा न कर मात्र दो ढाई हजार रुपए महीना पर काम करा रही है छात्रावासों में जबकि छात्रावास में कर्मचारी 8 घंटे ड्यूटी करता है 50 सीटर में तीन कर्मचारी और 100 सीटर में चार कर्मचारी होना चाहिए शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए जिला ग्वालियर के पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की अतिरिक्त संचालक कीर्ति दीक्षित के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मजदूरों को सही मजदूरी दिलाई जाए और 11 मार्च से जो स्ट्राइक फंड की राशि नहीं दी गई है उसे तत्काल छात्रावासों के खाते में भेजने की कार्रवाई करना चाहिए।

# खेला गया BPL का फाइनल मुकाबला, अलकाम 11 बनी चैंपियन



**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

**कोतमा** - भालूमाड़ा नगर में आयोजित जूनियर BPL क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बड़े ही रोमांचक माहौल गुरुवार को खेला गया। दर्शकों से खचाखच भरे मैदान में दोनों टीमों अलकाम 11 एवं अनस 11 के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। फाइनल मैच में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अलकाम 11 की टीम ने अपने प्रतिद्वंद्वी को शिकस्त देकर जूनियर BPL का खिताब जीत लिया।टॉस के बाद मैच की शुरुआत हुई, जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ मैदान पर उतरकर बेहतरीन खेल दिखाया। अलकाम 11 के बल्लेबाजों ने संयमित और आक्रामक बल्लेबाजी का शानदार संतुलन दिखाते हुए टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विपक्षी टीम अनस 11 ने भी संघर्ष किया, लेकिन अलकाम 11 के गेंदबाजों की कसी हुई गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी।मैच के निर्णायक क्षणों में अलकाम 11 के खिलाड़ियों ने बेहतरीन फील्डिंग और रणनीति का परिचय दिया, जिससे जीत सुनिश्चित हुई। जैसे ही अंतिम गेंद फेंकी गई, मैदान तालियों और जयकारों से गूंज उठा। विजेता टीम के खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को बधाई दी और दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाई। फाइनल मुकाबले के बाद पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता टीम अलकाम 11 एवं उपविजेता टीप अनस 11 को नगर पालिका परिषद पसान के अध्यक्ष राम अवध सिंह,पसान मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह,पार्षद कलाम,इंद्रलाल केवट द्वारा ट्राफी दी गई। आयोजन समिति ने सफल आयोजन के लिए सभी खिलाड़ियों,अतिथियों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया। इस टूर्नामेंट ने क्षेत्रीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का शानदार मंच प्रदान किया और खेल भावना को मजबूत किया।

### भोपाल में बछिया का कटा सिर मिलने से हंगामा

# आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर विहिप-बजरंग दल कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन; जांच में जुटी पुलिस

**भोपाल।**

भोपाल में विदिशा रोड स्थित लाल कोठी इलाके में झाड़ियों के बीच गाय के बछड़े का कटा हुआ सर मिलने से सनसनी फैल गई। शुक्रवार सुबह करीब 10ः30 बजे स्थानीय लोगों ने काटा हुआ सिर देखने के बाद पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही सैकड़ों बजरंग दल के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए और आसपास में सर्चिंग की। हालांकि अन्य अवशेष नहीं मिल सके हैं। पुलिस ने कटी हुई मुंडी को जब्त कर परीक्षण के लिए भेज दिया है।



## हिंदू संगठनों ने की नारेबाजी

भोपाल बजरंग दल गो रक्षक विनोद जोहरे के मुताबिक शुक्रवार सुबह करीब 10ः30 बजे लाल कोठी इलाके में गाय की बछिया के कटे हुए सर पड़े होने की सूचना मिली थी। इसके बाद अन्य कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे। जहां से कटे हुए सर को बरामद कर पुलिस के हवाले किया है। विनोद का आरोप है कि लगातार इस तरह की हरकतें कर शहर की फिजा खराब करने का प्रयास किया जा रहा है।

इससे पूर्व में निशातपुरा और गांधीनगर इलाके में भी गोकशी की वारदातें सामने आ चुकी हैं। तत्काल मामले की जांच कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर नारेबाजी भी की।

## सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

छोला मंदिर थाना पुलिस के मुताबिक घटना की तह तक पहुंचाने के लिए घटनास्थल के आसपास तमाम मुख्य मार्गो के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। फिलहाल अवशेष को फेंकने वाले की शिनाख्त नहीं हो सकी है। प्रारंभिक जांच में इस बात की पुष्टि हुई है कि एक कुत्ता कटे हुए सर को झाड़ियों से घसीट कर बाहर लाया था। जिसे देखने के बाद स्थानीय लोगों ने थाने में सूचना दी।

# भोपाल के कोलार में दो कारों की आमने सामने भिड़ंत : सिविल ठेकेदार की मौत

### दूसरी कार में सवार 2 गंभीर घायल, हादसे की जांच में जुटी पुलिस

**भोपाल।**

भोपाल के कोलार में गेहूं खेड़ा से नीलबड़ की ओर जाने वाली सड़क पर स्थित छोटे पुल पर गुरुवार रात गंभीर हादसा हो गया। दो कारों की आमने-सामने से हुई जोरदार भिड़ंत के बाद एक सिविल ठेकेदार की मौत हो गई, जबकि दूसरी कर में सवार दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक 42 वर्षीय अब्दुल रशीद खान पिता नाथू खान फेस-1 कोलार के रहने वाले थे। सिविल कांट्रेक्टरशिप करते थे। गुरुवार रात डी मार्ट के पीछे से होते हुए गेहूं खेड़ा वाले मार्ग से रातीबड़ के लिए जा रहे थे। छोटे पुल पर पहुंचते ही सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी कर को जोरदार टक्कर मार दी। दूसरी कर में तीन युक्तियां और दो युवक सवार थे जबकि, अब्दुल रशीद अपनी कर में अकेले थे।

हादसे के बाद केबिन में फंसे रहे

हादसे के बाद अब्दुल रशीद गाड़ी के डैश बोर्ड और सीट के बीच में फंसे रहे। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। किसी तरह से उन्हें बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया गया। जहां देर रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। हमीदिया हॉस्पिटल में बॉडी का पीएम कराया जा रहा है। मामले में



कोलार पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## बेटे का आरोप- नशे में धुत्त थे दूसरी कार में सवार लोग

मृतक के बेटे रेहान का आरोप है की दूसरी कार में सवार तीन युवती और दो युवक नशे में थे। उनकी कार में शराब की खाली बोतलें सहित डिस्पोजल ग्लास भी रखे थे। हादसे के समय उनकी गाड़ी तेज रफ्तार में थी। जिससे टक्कर होते ही उनके कार के एयरबैग भी खुल गए थे। वहीं पुलिस का कहना है की दूसरी कर में सवार दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं उनका भी उपचार अस्पताल में जारी है। हादसे की सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। जांच के बाद ही हादसे के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# 'शब्दांजलि' काव्य संग्रह का 'वातायन' संस्था के मंच पर विमोचन

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

जबलपुर - वातायन साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था उमरिया संस्था के संस्थापक स्व. पंडित रामनरेश मिश्र की स्मृति में भव्य साहित्यिक आयोजन किया। आयोजन के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद पयासी कार्यक्रम मुख्य अतिथि डॉ. परमानंद तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि टी. एस. चतुर्वेदी, प्रो. अशोक श्रीवास्तव, डॉ. राकेश सोनी रहे। वातायन के भव्य आयोजन में स्व. रामचन्द्र प्रसाद कर्ण बिरसिंहपुर पाली के की किताब %शब्दांजलि% का विमोचन किया गया। इस अवसर पर देश के 28 साहित्यकारों और समाजसेवियों के साथ अनिल मिश्र, लवलेश कुमार कर्ण, कवि संगम त्रिपाठी, डॉ पी.के. मिश्र % सुरेश % , सुरेश अवधिया, अनंत उपाध्याय, अशोक अवधिया उपस्थित रहे।



वातायन संस्था के पदाधिकारी एवं सहयोगी गण राजकुमार महोबिया, संतोष कुमार द्विवेदी, चन्द्र किशोर चंदन, डॉ नियाज अहमद,मुकेश त्रिपाठी, शंभू सोनी, राकेश उरमलिया, संपत नामदेव, भूपेन्द्र त्रिपाठी, राम लखन सिंह चौहान, विनोद शुक्ल, मोहम्मद शारिब, शिवांश सिंह सेंगर, करन सिंह, शिवानंद पटेल, सत्येन्द्र गौतम, प्रेमशंकर मिर्जापुरी, किशोर नामदेव, गणेश दत्त गौतम, एम. डी. सिद्दीकी, शरद जायसवाल, चन्द्र किशोर श्रीवास्तव, रविन्द्र रवि का सहयोग सराहनीय रहा।

इस अवसर पर डॉ.0अरुणा पांडेय, विजय बागरी, आशा निर्मल जैन, अजय कुमार झा (जनकपुर नेपाल) व देश के विभिन्न प्रांतों से आए कवि, कवयित्री व साहित्य मनीषी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने में सहयोग प्रदान किया।

कवि साहित्यकार रामचन्द्र प्रसाद कर्ण बिरसिंहपुर पाली की किताब शब्दांजलि के प्रकाशन व विमोचन का भगीरथ प्रयास वरिष्ठ साहित्यकार कवि अनिल मिश्र के प्रयासों का परिणाम है आपकी प्रेरणा से शब्दांजलि किताब का अहिल्या सा उद्धार हो गया व जन जन को समर्पित हो गई।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड, तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक : नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)